हिन्दुस्तान

ई- पेपर Coins

होम राज्य देश IPL 2026 लाइव स्कोर VOICE OF UP मनोरंजन बि

Apr 28, 2026 07:26 pm IST

Newswrap हिन्दुस्तान, रिषिकेश

Preferred

दार्शनिक आचार्य प्रशांत ने एम्स ऋषिकेश में युवा चिकित्सकों को संबोधित करते हुए मनोविज्ञान, जीवन के उद्देश्य और लैंगिक पहचान जैसे विषयों पर विचार साझा किए। उन्होंने जीवन के उद्देश्य पर प्रचलित धारणाओं को चुनौती दी और महिला सशक्तीकरण पर मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण पेश किया। उनका मानना है कि समस्या का मूल कारण सामाजिक से अधिक मनोवैज्ञानिक है।

Story continues below advertisement

दार्शनिक विचारक और लेखक आचार्य प्रशांत ने मंगलवार को एम्स ऋषिकेश में आयोजित विशेष संवाद सत्र में युवा चिकित्सकों, शोधार्थियों और फैकल्टी सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने मनोविज्ञान, जीवन के उद्देश्य, लैंगिक पहचान और अध्यात्म जैसे जटिल विषयों पर स्पष्ट और बेबाक विचार रखे। एम्स सभागार में निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह तथा डीन प्रोफेसर सौरभ वार्ष्णेय ने आचार्य प्रशांत को अंगवस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। छात्रों और डॉक्टरों के बीच सत्र की शुरुआत एक खुली बातचीत से हुई। युवा भावी चिकित्सकों के एक पैनल ने आचार्य प्रशांत से सीधे सवाल पूछे, जिससे चिकित्सा और दर्शन के बीच एक जीवंत संवाद देखने को मिला।

Story continues below advertisement

जीवन के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए उन्होंने प्रचलित धारणाओं को चुनौती दी। उनका कहना है कि लोग जिस

गई अवधारणाएं होती हैं। उन्होंने कहा जब तक भीतर बेचैनी है, तब तक उद्देश्य की जरूरत बनी रहेगी। सवाल यह है कि यह बेचैनी आती कहां से है। आचार्य प्रशांत ने महिला सशक्तीकरण के विषय पर भी पारंपरिक विमर्श से अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने माना कि आरक्षण और संस्थागत अवसर जरूरी हैं, लेकिन समस्या का पूर्ण समाधान नहीं हैं। उनके अनुसार, महिलाओं की स्थिति का मूल कारण सामाजिक या आर्थिक से अधिक मनोवैज्ञानिक है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त महिलाएं भी मानसिक रूप से बंधी रह सकती हैं, क्योंकि स्त्री की पहचान एक गहरी मानसिक संरचना के रूप में मौजूद रहती है।

लेखक के बारे में

Hindustan

हिन्दुस्तान भारत का प्रतिष्ठित समाचार पत्र है। इस पेज पर आप उन खबरों को पढ़ रहे हैं, जिनकी रिपोर्टिंग अखबार के रिपोर्टरों ने...और पढ़ें

Rishikesh Latest News AIIMS Rishik

लेटेस्ट **Hindi News** , **बॉलीवुड न्यूज**, **बिजनेस न्यूज**, **टेक** , **ऑटो**, **करियर** , और **राशि**